हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

06 दिसंबर 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन किया।महोत्सव में पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक झलक दिखने को मिलेगी।

- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी नड्डा कल पंचकूला से 100 दिवसीय टी.बी उन्मूलन अभियान की शुरुआत करेंगे।

- आज हरियाणा सहित देशभर में डॉ भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि "महापरिनिर्वाण दिवस" पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने लोगों से डॉ आंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलकर एकता सामाजिक सदभाव् और वंचितों के उत्थान के लिए कार्य करने का आग्रह किया।

- लड़के व लड़कियों का अंडर 19 कबड्डी महाकुंभ कल भिवानी के भीम स्टेडियम में शुरू होगा जिसमे देशभर से 900 खिलाडी भाग लेंगे।

*****************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन किया। तीन दिवसीय महोत्सव में पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक झलक दिखने को मिलेगी।

सबसे बड़ा आकर्षण ग्रामीण हाट बाजार होगा, जिसमें क्षेत्र के 320 किसानों और कारीगरों की उपज और कला का प्रदर्शन किया जाएगा। इस महोत्सव में कारीगरों की प्रदर्शनियाँ, ग्रामीण हाट, राज्य विशेष मंडप और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएँगे।

**************************************************************

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया है। इसी तरह स्थायी जमा सुविधा दर 6.25 प्रतिशत और बैंक दर 6. 75 प्रतिशत पर बनी रहेगी। रिज़र्व बैंक ने गत वर्ष फरवरी से इन दरों में कोई बदलाव नहीं किया है।

**************************************************************

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी नड्डा कल पंचकूला से 100 दिवसीय टी.बी उन्मूलन अभियान की शुरुआत करेंगे। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव भी उपस्थित रहेंगी। कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि कल से शुरू होने वाला यह अभियान देश के 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 347 जिलों में लागू किया जाएगा। इस कार्यक्रम को टीबी के मामलों का पता लगाने, उपचार में होने वाली देरी को कम करने और विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले समूहों (हाई रिस्क ग्रुप्स) में उपचार के परिणामों में सुधार करने पर केंद्रित रहेगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों की स्वास्थ्य जांच के लिए 10 निक्षय वैन भी रवाना की जाएगी। उन्होंने

बताया कि पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें विभाग द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

*****************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भारत रत्न डॉ. बी.आर आंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार और एक महान समाज सुधारक थे, जिनकी दूरदर्शिता आज भी राष्ट्र का मार्गदर्शन कर रही है।श्री दत्तात्रेय ने कहा कि डॉ. बीआर अंबेडकर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने अपना सारा जीवन हाशिए पर खड़े लोगों के अधिकारों की रक्षा करने और एक ऐसे समाज की कल्पना करने के लिए समर्पित कर दिया, जहां हर कोई सम्मान और समान अवसरों के साथ रह सके।राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संविधान के प्रारूपण में डॉ. अंबेडकर के गहन योगदान ने एक लोकतांत्रिक, समावेशी और प्रगतिशील भारत की नींव रखी। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुधार, शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण पर उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं, क्योंकि सरकार भेदभाव और असमानता से मुक्त समाज बनाने का प्रयास कर रहे हैं। श्री दत्तात्रेय ने  के लोगों से एकता, सामाजिक सद्भाव और वंचितों के उत्थान की दिशा में काम करके डॉ. अंबेडकर के आदर्शों के प्रति खुद को समर्पित करने का आग्रह किया।

*****************************************************

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आज रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया।इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री बेदी ने कहा कि डा. आंबेडकर ने किसी वर्ग विशेष के

लिए नहीं बल्कि देश के हर नागरिक के कल्याण के लिए काम किया। पत्रकारों से बातचीत में पंजाब के किसानों के आंदोलन के मुद्दे पर भी मंत्री ने कहा कि हरियाणा का कोई किसान आंदोलन नहीं कर रहा है और पंजाब के किसानों को आंदोलन करना है तो वो पंजाब में जाकर करें।

*******************************************************

आज हरियाणा में विभिन्न स्थानों पर डॉ भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि "महापरिनिर्वाण दिवस" पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर जींद में सर्व समाज द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमे 68 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। वहीँ भिवानी जिला बार एसोसिएशन सहित अन्य सामाजिक संगठनो द्वारा श्रदांजलि सभा का आयोजन कर डॉ आंबेडकर को यद् किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान एवं अन्य सामाजिक संगतों ने उपायुक्त तथा जिला एवं स्तर न्यायधीश कॉम डॉ आंबेडकर के नाम पर एक पार्क एवं मुख्य द्वार बनआने के लिए मांग पत्र भी सौपा।

*******************************************************

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने विकसित भारत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 10 दिसंबर तक बढ़ाने की घोषणा की है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए माई भारत प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण किया जा सकता है। यह प्रतियोगिता 15 से 29 वर्ष की आयुवर्ग के सभी युवाओं के लिए है। वे विकसित भारत पर अपने विचार साझा कर सकते हैं। विजेता प्रतिभागी 11 और 12 जनवरी को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष विकसित भारत के लिए अपना दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगे।

*******************************************************

आज पंजाब हरियाणा और चंडीगढ़ सहित देश-विदेश में श्री गुरू तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया।श्रद्धालु अमृतसर के श्री हरमंदिर साहिब और अन्यु गुरूद्वारों में नतमस्तक हुए और गुरूवाणी एवं कीर्तन का आनंद लिया। जगह जगह पर गुरु के अटूट लंगर की बरताये गए। इस अवसर पर सांगत ने दिल्ली से चली शीश मार्ग यात्रा का अंबाला के ऐतिहासिक गुरुद्वारा शीशगंज साहिब पहुंचने पर श्रद्धाभाव से स्वागत किया। इस दौरान हरियाणा शिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ उप प्रधान सुदर्शन सिंह सहगल एवं सदस्य तरविंदरपाल सिंह भी उपस्तिथ रहे।

**************************************************************

पंजाब और हरियाणा सीमा के शंभू बॉर्डर से 101 किसानों के एक जत्थे ने आज दिल्ली के लिए पैदल मार्च शुरू किया लेकिन उन्हें कुछ मीटर बाद ही बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया गया।

हरियाणा पुलिस ने किसानों से आगे न बढ़ने को कहा और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला दिया। इस दौरान शंभू बॉर्डर पर बवाल देखने को मिला। किसानों ने जहां बैरिकेड्स तोड़ दिए वहीं, पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। हमारे सवांददाता ने बताया है कि किसानों के विरोध को देखते हुए शंभू बॉर्डर, दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे पर सिंघु बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शंभू बॉर्डर पर प्रशासन ने 7 लेयर की सिक्योरिटी के बाद 3 लेयर की एक और सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

**************************************************************

लड़के व लड़कियों का अंडर 19 कबड्डी महाकुंभ कल भिवानी के भीम स्टेडियम में शुरू होगा जो 11 दिसंबर तक चलेगा। भारतीय स्कूल खेल संघ द्वारा आयोजित किए जा रहे इस महाकुंभ में देशभर से 900

खिलाडी भाग लेंगे। महाकुंभ का शुभारंभ सांसद धर्मवीर सिंह करेंगे जबकि समापन समारोह में सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी करेगी। भिवानी के जिला शिक्षा अधिकारी नरेश मेहता ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि भिवानी में पहली बार हो रहे महाकुंभ में 59 टीमों ने अपना पंजीकरण कराया है और इसमें देशभर के 900 से ज़्यादा खिलाडी भाग ली रहे है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 2 इंडोर सहित 6 मैच एक साथ होंगे। श्री मेहता ने बताया कि सभी मखिलाड़ियों के रहने एवं खाने की व्यवस्था को लेकर 5 अधिकारीयों की एक टीम और 24 सयोंजक नियुक्त किए गए है।

*******************************************************

हरियाणा के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने आज कैथल में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड के 34वें पिराई सत्र का विधिवत रूप से शुभारंभ किया।इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों के खेत में खड़े गन्ने की एक-एक पोरी खरीदी जाएगी और किसानों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे गन्ने का क्षेत्र बढ़ाने के साथ साथ पैदावार भी बढ़ाए। जो लोग गन्ने की फसल छोड़ चुके हैं, वे दोबारा से गन्ने की फसल को अपनाएं। इससे उनकी आय के साथ साथ जमीन की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी।